# Meeting of Ghaziabad Entrepreneurship Mission on 24.09.2025

## Press News Clippings

### Hind Atma

# गाज़ियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन ने शुरू किया गाज़ियाबाद एंटरप्रेन्योरशिप मिशन, शहर के टॉप कॉलेजों ने लिया भाग

**हिन्द आत्मा संवाददाता**



**गाजियाबाद।** गाज़ियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन ने गाज़ियाबाद एंटरप्रेन्योरशिप मिशन की शुरूआत की, जिसमें शहर के 14 से अधिक प्रमुख कॉलेजों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मिशन का उद्देश्य गाज़ियाबाद के युवाओं को पारंपरिक नौकरी ढूंढने की सोच से बाहर निकालकर बिजनेस और स्टार्टअप की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार करना है, ताकि वे जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बन सकें। कार्यक्रम की शुरूआत जीएमए अध्यक्ष डॉ टीआर पांडे और महासचिव राहुल अग्रवाल ने करते हुए बताया कि गाज़ियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन, जो पिछले 45 वर्षों से बिजनेस क्षेत्र में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि कॉलेजों के सहयोग से यह मिशन युवाओं को खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक स्किल, मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर स्किलिंग यू के सीईओ प्रवीण कुमार राजभर ने मिशन की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि छात्र स्किलिंग यू ऐप के जरिए आवेदन करेंगे और एक विशेष 'बिजनेस एप्टीट्यूड टेस्ट' देंगे। इस टेस्ट के आधार पर टॉप 100 छात्रों का चयन किया जाएगा, जिन्हें 6 महीने के निःशुल्क एंटरप्रेन्योरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल किया जाएगा। इस ट्रेनिंग के दौरान उन्हें व्यवसाय की शुरूआत से लेकर मार्केटिंग, बिक्री, वित्तीय समझ और स्केलेबिलिटी तक की सारी जानकारी दी जाएगी, साथ ही प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। चयनित छात्रों को सरकारी योजनाओं जैसे पीएमईजीपी, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना और निजी निवेशकों के माध्यम से फंडिंग प्राप्त करने में मार्गदर्शन और सहायता दी जाएगी। इस मिशन को गाज़ियाबाद में सफलतापूर्वक लागू करने के लिए जीएमए ने सभी कॉलेज प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया। उन्हें अपने-अपने संस्थानों में छात्रों को इस अभियान से जोड़ने की अपील की। छात्र स्किलिंग यू ऐप डाउनलोड कर 10 अक्टूबर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

### Danik Journey of Success

# गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन ने शुरू किया

## गाजियाबाद एंटरप्रेन्योरशिप मिशन, शहर के टॉप कॉलेजों ने लिया हिस्सा

● [illegible]



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन (जीएमए) ने बुधवार को अपने कार्यालय में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के तहत गाजियाबाद एंटरप्रेन्योरशिप मिशन की शुरुआत की, जिसमें शहर के 14 से अधिक प्रमुख कॉलेजों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मिशन का उद्देश्य गाजियाबाद के युवाओं को पारंपरिक नौकरी ढूंढने की सोच से बाहर निकालकर बिजनेस और स्टार्टअप की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार करना है, ताकि वे जॉब सीकर से जॉब

क्रिएटर बन सकें। कार्यक्रम की शुरुआत जीएमए अध्यक्ष डॉ टीआर पांडे और महासचिव राहुल अग्रवाल ने करते हुए बताया कि गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन, जो पिछले 45 वर्षों से बिजनेस क्षेत्र में सक्रिय है, अब अगली पीढ़ी के युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कॉलेजों के सहयोग से यह मिशन युवाओं को खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक स्किल, मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करेगा।

इस अवसर पर स्किलिंग यू के सीईओ प्रवीण कुमार राजभर ने मिशन की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि छात्र स्किलिंग यू ऐप के जरिए आवेदन करेंगे और एक विशेष 'बिजनेस एप्टीट्यूड टेस्ट' देंगे। इस टेस्ट के आधार पर टॉप 100 छात्रों का चयन किया जाएगा, जिन्हें 6 महीने के निःशुल्क एंटरप्रेन्योरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल किया जाएगा। इस ट्रेनिंग के दौरान उन्हें व्यवसाय की शुरुआत से लेकर मार्केटिंग, बिक्री, वित्तीय समझ और स्केलेबिलिटी तक की सारी जानकारी दी जाएगी, साथ ही प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। चयनित छात्रों को सरकारी योजनाओं जैसे पीएमईजीपी, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना और निजी निवेशकों के माध्यम से फंडिंग प्राप्त करने में मार्गदर्शन और सहायता दी जाएगी।

इस मिशन को गाजियाबाद में सफलतापूर्वक लागू करने के लिए जीएमए ने सभी कॉलेज प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया और उन्हें अपने-अपने संस्थानों में छात्रों को इस अभियान से जोड़ने की अपील की। छात्र स्किलिंग यू ऐप डाउनलोड कर 10 अक्टूबर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।